COVID-19 VACCINE
Public Health Advice

आपकी COVID-19 बूस्टर

COVID-19 बूस्टर

HSE द्वारा 16 सितंबर 2022 को प्रकाशित

संस्करण 2

Rialtas na hÉireann
Government of Ireland

मुझे अपनी अगली COVID-19 वैक्सीन क्यों लगवानी चाहिए?

अपनी COVID-19 वैक्सीन के साथ अप-टू-डेट रहना महत्वपूर्ण है, चाहे आपको पहले ही वैक्सीन लग चुकी हो या आपको COVID-19 हो चुका हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि:

- आपको अपनी पिछली वैक्सीन से जो सुरक्षा मिली है या COVID-19 संक्रमण से जो सुरक्षा मिली है, वह समय के साथ साथ कमजोर हो सकती है
- यदि आपको COVID-19 हो जाता है तो आपको गंभीर बीमारी होने का खतरा ज़्यादा हो सकता है

COVID-19 आपके स्वास्थ्य और आपके बच्चे के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। गर्भवती होने पर COVID-19 प्राप्त करने वाली अधिकांश महिलाओं में हल्के से मध्यम लक्षण होते हैं। हालांकि, गर्भवती नहीं होने वालों की तुलना में आपके बीमार होने की संभावना अधिक होती है और आपको गहन देखभाल में उपचार की आवश्यकता होती है। वायरस आपके बच्चे के लिए जटिलताएं भी पैदा कर सकता है, जिसमें समय से पहले प्रसव या मृत जन्म भी शामिल है।

1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अस्पताल में भर्ती होने और COVID-19 से गंभीर बीमारी का खतरा अधिक होता है। जिन छोटे बच्चों की माताओं को गर्भावस्था के दौरान वैक्सीन दे गयी थी उन्हें COVID-19 के वाले अस्पताल में देखभाल की सबसे कम आवश्यकता थी।

गर्भावस्था के दौरान COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करना आपको और आपके बच्चे को COVID-19 से सर्वोत्तम संभव सुरक्षा प्रदान करता है।

मुझे कितनी COVID-19 वैक्सीन खुराक की आवश्यकता है?

यदि आप गर्भवती होने से पहले पहले दौर (आमतौर पर 2 खुराक) और एक बूस्टर खुराक ले चुकी हैं, तो आप अपनी गर्भावस्था के 16 सप्ताह के बाद या उसके बाद अपना दूसरा बूस्टर प्राप्त कर सकती हैं (अपने पहले बूस्टर के कम से कम 4 महीने बाद)।

यदि आपने अपनी वर्तमान गर्भावस्था में अपना पहला बूस्टर प्राप्त कर लिया है, तो दूसरे बूस्टर खुराक की आवश्यकता नहीं है।

यदि आपने पहले से ये वैक्सीन नहीं लगवाई है, तो आप गर्भावस्था के किसी भी चरण में अपनी पहली COVID-19 वैक्सीन या पहला बूस्टर प्राप्त कर सकती हैं।

मुझे बूस्टर कब लेना चाहिए?

आपको अपनी पिछली COVID-19 वैक्सीन के कम से कम 4 महीने बाद अपना बूस्टर लेना चाहिए। अगर आपको COVID-19 हो गया है तो आपको अपना बूस्टर लेने से पहले कम से कम 4 महीने इंतजार करना चाहिए।

अपने बूस्टर के लिए मुझे कौन सी वैक्सीन पेश की जाएगी?

यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी (EMA) की अनुमति के बाद, आयरलैंड में राष्ट्रीय टीकाकरण सलाहकार समिति (NIAC) की तरफ से बूस्टर खुराक के रूप में तीन अनुकूलित mRNA COVID-19 वैक्सीन की अनुशंसा की गयी है। ये निम्नलिखित वैक्सीन हैं:

- Comirnaty® BA.1 (Pfizer वैक्सीन)
- Comirnaty® BA.4-5 (Pfizer वैक्सीन)
- Spikevax® BA.1. (Moderna वैक्सीन)

अनुकूलित वैक्सीन गर्भावस्था में दी जा सकती हैं। जबकि पिछली सभी वैक्सीन COVID-19 से सुरक्षा प्रदान करती हैं, अनुकूलित वैक्सीन से COVID-19 वेरिएंट के खिलाफ व्यापक सुरक्षा प्रदान करने की उम्मीद की जाती है।

बूस्टर की सुरक्षा के बारे में हमें क्या पता है?

दूसरे और बाद के COVID-19 बूस्टर की सुरक्षा के बारे में हमारे पास कम जानकारी है। हालाँकि, कई देशों ने अपने लोगों को COVID-19 वैक्सीन की कई खुराकें दी हैं। अध्ययनों से पता चला है कि अब तक कई बूस्टर प्राप्त करने वाले लोगों को कोई अनपेक्षित सुरक्षा की चिंता नहीं हुई है।

अनुकूलित वैक्सीन की सुरक्षा पिछली वैक्सीन के समान होने की उम्मीद की जाती है। EMA की तरफ से वैक्सीन की सुरक्षा की निगरानी की जाती रहेगी।

सभी अनुकूलित वैक्सीन में ट्रोमेटामोल (Trometamol) होता है, इसलिए यदि आपको ट्रोमेटामोल के लिए एनाफिलेक्सिस (गंभीर एलर्जी रिएक्शन) हुआ है, तो आपको यह वैक्सीन नहीं मिल सकती है।

क्या बूस्टर वैक्सीन यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी (EMA) द्वारा लाइसेंस प्राप्त हैं?

mRNA वैक्सीन के दूसरे या बाद के बूस्टर को EMA द्वारा मंजूरी नहीं मिली है।

स्थानीय डेटा और विचारों के कारण NIAC की सिफारिशें EMA की सिफारिशों से भिन्न हो सकती हैं। आयरलैंड में हम NIAC की सलाह का पालन करते हैं।

क्या मैं अपनी अन्य वैक्सीन के साथ ही अपनी COVID-19 वैक्सीन ले सकता है?

हां। यदि आप फ्लू या पर्टुसिस (काली खांसी) की वैक्सीन लगवाने वाले/वाली हैं, तो आप उसी समय कोई भी COVID-19 वैक्सीन लगवा सकते/सकती हैं।

पर्टुसिस (काली खांसी) वैक्सीन की सिफारिश गर्भावस्था के 16 से 36 सप्ताह के बीच की जाती है और यह आमतौर पर आपके जीपी के पास पूरे वर्ष उपलब्ध रहती है।

अधिक जानकारी

आप **hse.ie/covid19vaccine पर अधिक पढ़ सकते(ती) हैं या 1800 700 700 पर HSELive में हमारी टीम को कॉल कर सकते(ती) हैं।** वे सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक और शनिवार और रविवार को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक खुले रहते हैं।

आप अपने GP, नर्स, फार्मासिस्ट या वैक्सीनेटर से भी बात कर सकते(ती) हैं।

HSE द्वारा 16 सितंबर 2022 को प्रकाशित

संस्करण 2

Rialtas na hÉireann
Government of Ireland